दैनिक भास्कर

जयपुर 10-12-2024

वेदांता ग्रुप के चेयरमैन ने किया पिंकसिटी हाफ मैराथन का मेडल लॉन्च

जयपुर| वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन (वीपीसीएचएम) के नौवें संस्करण का आयोजन 15 दिसंबर को जयपुर में किया जाएगा। वेदांता द्वारा समर्थित और एनीबॉडी कैन रन (एबीसीआर) द्वारा आयोजित यह प्रतिष्ठित आयोजन स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के साथ-साथ #रनफॉरजीरोहंगर के उद्देश्य का समर्थन करने का प्रयास करता है। आज जयपुर में इस मैराथन के फिनिशर मेडल का अनावरण वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल द्वारा किया गया। ये उच्चतम श्रेणी के जिंक से बना है जो उदयपुर की जावर माइंस से आता है। ये राजस्थान की विरासत में दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी खदान है। जिंक का उत्पादन भारत की अग्रणी जिंक उत्पादक - वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा किया गया है। इस मैराथन में प्रतिभागियों के दौड़े गए हर किलोमीटर के लिए, वेदांता अनिल अग्रवाल फाउंडेशन (आफ) के माध्यम से बच्चों और पशुओं को भोजन प्रदान कर पोषित करेगी। इस पहल के लाभार्थियों में भारत भर में आधुनिक आंगनवाड़ियों के नेटवर्क नंद घर के बच्चे और द एनिमल केयर ऑर्गनाइजेशन (टाको) द्वारा समर्थित पशु शामिल हैं।